_/_/__

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date- Class- IV

Subject- Hindi Language Page -1

Subject Teachers- Ms. Roma Rani

Ms Suman Sharma.

## 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द'

सुप्रभात प्यारे बच्चो।

यह पाठ 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' कक्षा चौथी की हिन्दी व्याकरण का है। बच्चो यह पाठ आपको को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो! आज हम इस पाठ में 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' पढ़ेंगे। इस लिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के दौरान कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो! अब मैं आपको 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' समझाऊँगी। यदि आप तैयार हैं तो मैं आपको 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इन्हें ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।

बच्चो! भाषा को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का प्रयोग किया जाता है। इनके प्रयोग से भाषा में संक्षिप्तता और सौंदर्य का समावेश होता है। इन्हें वाक्यांशबोधक शब्द भी कहते हैं; जैसे- 'भगवान श्रीकृष्ण सभी के मन को हर लेने वाले हैं।' इसके स्थान पर हम 'भगवान श्री कृष्ण मनोहर हैं।' भी कह सकते हैं। यह अधिक प्रभावशाली लगेगा।

__/__/____

Date-


Class- IV

Subject- Hindi Language

Page -2

Subject Teacher- Ms. Roma Rani

Ms. Suman Sharma.



पंक में पैदा होने वाला – पंकज



जो ईश्वर में विश्वास करता हो—आस्तिक

प्यारे बच्चो ! ऊपर दिए गए चित्रों को ध्यान से देखें।

इनमें :-

- पंक अर्थात् कीचड़ में पैदा होने वाले के लिए पंकज शब्द का प्रयोग किया गया है।
- जो ईश्वर में विश्वास करता हो, उसके लिए आस्तिक शब्द का प्रयोग किया गया है।

इस प्रकार

अनेक शब्दों के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द अथवा वाक्यांश के लिए एक शब्द कहलाते हैं।

जैसे :-
- राष्ट्र से संबंधित - राष्ट्रीय
- गीत रचने वाला - गीतकार
- जो जल बरसाता हो - जलद

बच्चो ! मैंने आपको अनेक शब्दों के लिए एक शब्द के बारे में समझा दिया है। अब मैं आपसे

__/__/__

Date- Class - IV
Subject- Hindi Language Page - 3
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma.

इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नो के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न - 1. भाषा को प्रभावशाली बनाने के लिए अनेक शब्दों के स्थान पर किनका प्रयोग किया जाता है ?

प्रश्न - 2. 'जो ईश्वर में विश्वास रखता हो' के लिए एक शब्द लिखें।

प्रश्न - 3. 'जलद' शब्द का वाक्यांश लिखें।

बच्चो ! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर - 1. भाषा को प्रभावशाली बनाने के लिए अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग किया जाता है।

उत्तर - 2. आस्तिक

उत्तर - 3. जो जल बरसाता हो

बच्चो ! अब मैं आपको कुछ अनेक शब्दों के लिए एक शब्द करवाऊँगी, जिन्हें आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जो अखबार लाता है | अखबारवाला |
| 2. | जो दूध लाता है | ग्वाला |

__/__/__

Date-  Class- IV
Subject - Hindi Language  Page - 4
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma

| | | |
|---|---|---|
| 3. | जो खेलता है | खिलाड़ी |
| 4. | जो इलाज करता है | डॉक्टर |
| 5. | जो सदा सत्य बोले | सत्यवादी |
| 6. | जो कभी न डरे | निडर |
| 7. | जो दूसरों के अधीन हो | पराधीन |
| 8. | जो उपकार को माने | कृतज्ञ |
| 9. | जो उपकार को न माने | कृतघ्न |
| 10. | जो कभी न मरे | अमर |
| 11. | जो फल खाता हो | फलाहारी |
| 12. | जो अनुभव रखता हो | अनुभवी |

**गृह कार्य**

- बच्चो ! आप इन सभी 12 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द को ध्यानपूर्वक पढ़ेंगे एवं अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे ।

धन्यवाद !

Last page.